CCI ने लार्ज वैल्यू फंड (LVF) योजना के तहत शेयरों के अधिग्रहण को स्वीकृति प्रदान की

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में [भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI)](#) ने **लार्ज वैल्यू फंड (LVF)** योजना के तहत इंडोएज (IndoEdge) इंडिया फंड द्वारा MG मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के शेयरों के अधिग्रहण को मंज़ूरी दी।

- **लार्ज वैल्यू फंड (LVF) योजना:** यह एक [वैकल्पिक निवेश कोष (AIF)](#) है जिसमें **प्रत्येक निवेशक** एक **मान्यता प्राप्त निवेशक होता है** और **न्यूनतम 70 करोड़ रुपए का निवेश** करता है।
- **वैकल्पिक निवेश कोष (AIF):** AIF निवेश उद्देश्यों के लिये भारत में स्थापित **निजी तौर पर एकत्रित अथवा सामूहिक निवेश कोष** है।
- **SEBI ने AIF को 3 प्रकारों में वर्गीकृत किया है:**
  - **श्रेणी-1 AIF:**
    - **स्टार्टअप, लघु और मध्यम उद्यमों (SME) तथा बुनियादी ढाँचे जैसे सामाजिक रूप से लाभकारी** क्षेत्रों में किया गया निवेश।
    - इसमें [इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, वेंचर कैपिटल फंड, एंजेल फंड](#) और सोशल वेंचर फंड शामिल हैं।
  - **श्रेणी-2 AIF:**
    - श्रेणी 1 अथवा 3 के अतिरिक्त अन्य इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों में किया गया निवेश।
    - इसमें फंड ऑफ फंड्स, डेट फंड्स और प्राइवेट इक्विटी फंड्स शामिल हैं।
  - **श्रेणी-3 AIF:**
    - जटिल व्यापारिक रणनीतियों का उपयोग करते हुए, अल्पकालिक निवेश रिटर्न के लक्ष्य के साथ किया निवेश।
    - इसमें हेज फंड और सार्वजनिक इक्विटी फंड में निजी निवेश शामिल है।

और पढ़ें...[RBI ने AIF में ऋणदाताओं के लिये मानदंड मज़बूत किये](#), [भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI)](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cci-approves-acquisition-of-shares-under-the-large-value-fund-lvf-scheme